दिन– सोमवार    दिनांक– 13 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।    अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज जारी होगी अधिसूचना। बीस जिलों की एक सौ बाईस सीटों के लिए भी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

02. एनडीए में सीट बंटवारे के बाद आज घटक दलों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा किये जाने की संभावना। महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर मंथन अब भी जारी।

03. आईआरसीटीसी घोटाला मामले में दिल्ली की एक विशेष अदालत आज आरोप तय करेगी। तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद समेत सभी आरोपियों को उपस्थित रहने के निर्देश।

04. और, समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को बिहार रणजी टीम का उप कप्तान बनाया गया। शकीबुल गनी होंगे टीम के कप्तान।

---

बिहार विधानसभा के ग्यारह नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही बीस जिलों की एक सौ बाईस विधानसभा सीटों के लिए भी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र सुबह ग्यारह बजे से दिन के तीन बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। दूसरे चरण में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास जिले में मतदान होगा। बीस अक्तूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इक्कीस अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि तेईस अक्तूबर निर्धारित है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 122 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में भारत नेपाल सीमा पर स्थित सात जिलों के अलावा दक्षिणी बिहार के आठ जिलों में भी मतदान होगा। इस चरण में सीमांचल के जिलों किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार के मतदाता वोट डाल सकेंगे। वहीं, मगध क्षेत्र के जिलों गया, जहानाबाद, औरंगाबाद और नवादा में भी इसी चरण में मतदान होगा। दूसरे चरण के चुनाव में कई निर्वाचन क्षेत्र की सीमाएं पड़ोसी राज्य झारखंड और उत्तर प्रदेश से लगती हैं। इसे देखते हुए स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पड़ोसी राज्यों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी समन्वय के साथ फ्लैग मार्च और नक्सल विरोधी गतिविधियां चलाई जा रही है। धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

इधर, पहले चरण के चुनाव के अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस सीटों पर नामांकन का कार्य जारी है। सत्रह अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकते

हैं। दोनों चरण के चुनाव में कुल सात करोड़ बयालीस लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतगणना चौदह नवंबर को होगी।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए ने बिहार चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सौ एक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इतनी ही सीटें जनता दल यूनाइटेड को भी दी गई हैं। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास उनतीस सीटों पर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा छह—छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इधर, एनडीए गठबंधन आज इसका औपचारिक एलान करेगा। इसके लिए पटना में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। एनडीए के घटक दलों के आज ही अपने—अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करने की भी संभावना है।

---

इधर, महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर स्थिति अब तक साफ नहीं हो पायी है। गठबंधन के घटक दलों में सीटों को लेकर मंथन जारी है। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने संवाददाताओं से बातीचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस समेत अन्य दलों से बातचीत चल रही है। जल्द ही मामले को सुलझा लिया जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार आज शाम तक सीटों के बंटवारे की सूची जारी होने की संभावना है। इस बीच, राजद ने अपने हिस्से की सीटों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया है। इधर, कांग्रेस की चुनाव समिति की आज दिल्ली में बैठक होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि चुनाव समिति आज प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में कांग्रेस साठ सीटों पर प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप देने का प्रयास करेगी।

---

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि उनकी पार्टी महागठबंधन में शामिल होगी या नहीं इस पर जल्द ही फैसला लिया जायेगा। पटना में पार्टी कार्यालय में एक बैठक को संबोधित करते हुए श्री पारस ने कहा कि अगर गठबंधन में बात नहीं बन पायी तो वे सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला करेंगे।

---

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने एनडीए द्वारा सीट बंटवारे की घोषणा पर कहा कि जेडीयू को एनडीए में खत्म किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के लिये विकल्प अब सीमित हैं।

---बाइट---

---

जनसुराज आज अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रशांत किशोर ने बताया कि पटना में यह सूची जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची जारी हो जायेगी।

---बाइट---

---

चुनाव आयोग ने उनसठ लोगों को बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया है। आयोग के अनुसार इन्हें जनप्रतिनिधित्व कानून–उन्नीस सौ इक्यावन के तहत अयोग्य घोषित किया गया है। अयोग्य घोषित किये गए लोगों पर पिछले चुनाव के दौरान खर्च का ब्यौरा और अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं कराने का आरोप है। आयोग द्वारा जारी इस सूची में मधुबनी के दिनेश मंडल और अनिता कुमारी, अस्थावां के सुशील प्रसाद, राजगीर के पप्पू पासवान, नोखा विधानसभा क्षेत्र के शशिकांत गुप्ता सहित अन्य पूर्व प्रत्याशी शामिल हैं।

---

चुनाव आयोग मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान प्रतिशत की रियल टाईम जानकारी प्रदान करेगा। इसके लिए आयोग की ओर से एक ऑनलाइन ऐप **ईसीआई नेट** का परीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो मतदान प्रतिशत का आंकड़ा अपलोड करेंगे। इस ऐप के माध्यम से लोगों को प्रत्येक दो घंटों पर मतदान प्रतिशत की जानकारी मिलेगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को बिहार के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से **मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान** में शामिल होने और अपने सुझाव साझा करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि वे कुछ कार्यकर्ताओं से उनके सुझावों पर सीधे बातचीत करेंगे।

---

और अब चुनाव से जुड़ी अन्य खबरें———

शिवहर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने औचक निरिक्षण के दौरान चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में एक प्रधानाध्यापक और एक पंचायत सचिव सह सेक्टर अधिकारी को निलंबित कर दिया। वहीं, तीन स्कूलों के प्रधानाध्यापक की वेतन कटौती करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

अररिया जिला समाहरणालय के एनआईसी मे आज ईवीएम का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया जायेगा। पदाधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिती में विधानसभा क्षेत्रवार मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीनों का आवंटन किया जायेगा।

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम के फैजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन एथलेटिक्स, कबड्डी, खो–खो, ताइक्यांडो और बॉक्सिंग की प्रतियोगिताये हुई।

वैशाली जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह –जिला पदाधिकारी, वर्षा सिंह और पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में लालगंज और वैशाली प्रखंड के विभिन्न भागों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

---

विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद अब तक राज्य के विभिन्न भागों में पुलिस ने नौ करोड़ अट्ठाईस लाख रुपये की शराब जब्त की है। इसके साथ ही साठ लाख से अधिक नकद रुपये भी जब्त किये गये हैं।

---

आईआरसीटीसी घोटाला मामले में दिल्ली की एक विशेष अदालत आज आरोप तय करने के संबंध में फैसला सुनायेगी। इसके लिए मामले के सभी आरोपितों तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने उनतीस मई को मामले पर निर्णय सुरक्षित रख लिया था। यह मामला वर्ष दो हजार

चार से दो हजार नौ के बीच आईआरसीटीसी होटलों के रख–रखाव के ठेकों के आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा कल से सोलह अक्टूबर तक आयोजन किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राज्य के नौ जिलों में कम्प्यूटर आधारित यह परीक्षा दो पालियों में ली जायेगी। परीक्षा में प्रश्न पत्र माध्यमिक स्तर के लिए पेपर वन और उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए पेपर टू होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के साथ एक वैद्य फोटो पहचान पत्र भी लाना होगा। समिति की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। इधर, समिति की ओर से इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा दो हजार छब्बीस में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन तिथि में विस्तार किया गया है। अब बाइस अक्टूबर तक आवेदन भरे जा सकते हैं।

---

समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को बिहार रणजी टीम का उप कप्तान बनाया गया है। वैभव बिहार रणजी के इतिहास में सबसे कम उम्र के उप कप्तान होंगे। हरफनमौला खिलाड़ी शकिलबुल गनी को टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, चार नये चेहरों को भी टीम में जगह दी गयी है। रणजी मुकाबलों के प्लेट ग्रुप में बिहार का पहला मैच पंद्रह अक्टूबर को अरूणाचल प्रदेश से होगा। यह मैच पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में खेला जाएगा।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर लिखा है – एनडीए में जदयू और भाजपा को एक समान सीटें मिली।

**दैनिक भास्कर** इसी खबर पर लिखता है – अब हम तुम बराबर, मांझी और उपेन्द्र को छह–छह, चिराग को उनतीस सीट।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – विरासत बचाने उतरेंगे राजनीतिक योद्धा। लोकसभा की तरह विधानसभा चुनाव में भी परिवार में हो रहा है बंटवारा।

**दैनिक जागरण** की विशेष खबर है – एक सौ पचास साल तक जी सकेगा इंसान, एजिंग धीमी पर शोध।

**आज अखबार** ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के हवाले से लिखा है – ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत कदम था।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – फिल्म फेयर अवार्ड में कार्तिक और अभिषेक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, आलिया सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए आज जारी होगी अधिसूचना। एक सौ बाईस सीटों के लिए भी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

02. एनडीए में सीट बंटवारे के बाद आज घटक दलों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा किये जाने की संभावना। महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर मंथन अब भी जारी।

03. आईआरसीटीसी घोटाला मामले में दिल्ली की एक विशेष अदालत आज आरोप तय करेगी। तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद समेत सभी आरोपियों को उपस्थित रहने के निर्देश।

04. और, समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को बिहार रणजी टीम का उप कप्तान बनाया गया। शकीबुल गनी होंगे टीम के कप्तान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।